मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-393
13/09/2022

मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण कर पटना, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, नवादा जिले में अल्प वर्षापात के कारण उत्पन्न स्थिति का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

पटना, 13 सितम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज हवाई सर्वेक्षण कर अल्प वर्षापात के कारण उत्पन्न संभावित सुखाड़ की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण दो चरणों में किया।

मुख्यमंत्री ने प्रथम चरण में जहानाबाद, गया, औरंगाबाद एवं नवादा जिले के क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इस क्रम में जहानाबाद जिले के मोदनगंज, घोसी, मखदुमपुर, गया जिले के टेकारी, कोच, अमास, गुरूआ, गया टाउन, मोहनपुर, टनकुप्पा, वजीरगंज, औरंगाबाद जिले के गोह, रफीगंज, मदनपुर तथा नवादा जिले के मेसकौर, हिसुआ एवं नारदीगंज प्रखण्ड का हवाई सर्वेक्षण कर अल्प वर्षापात के कारण उत्पन्न संभावित सुखाड़ की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।

हवाई सर्वेक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने नवादा जिले के फुलवरिया डैम के जलस्तर का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने दूसरे चरण में पटना जिले के मोकामा टाल, बख्तियारपुर टाल, फतुहा टाल एवं अन्य टाल क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और वहॉ के जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि अल्प वर्षापात के कारण उत्पन्न स्थिति के कारण सभी प्रभावित जिलों के प्रखण्ड, पंचायत एवं गॉव स्तर तक शीघ्र सुखाड़ की स्थिति का ठीक से आंकलन करायें और किसानों को सहायता देने के लिए पूरी तैयारी रखें।

हवाई सर्वेक्षण के दौरान कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 सरवन कुमार, आपदा सह जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह मौजूद थे।

******